# स्टेडियम मार्केट की एक और दुकान पर कोर्ट से स्टे

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

लोकेंद्र भवन के सामने जिला प्रशासन द्वारा इंदौर की 56 दुकान मार्केट की तर्ज पर प्रस्तावित फूड जोन का मामला अब ठन्डे बस्ते में चला गया। स्टेडियम मार्केट की 64 दुकानों को खाली कराने की प्रक्रिया में फिर एक दुकानदार को कोर्ट से स्टे मिल गया, इसके पूर्व 2 दुकानदारों को स्टे मिल चुका है।

स्टेडियम मार्केट के दुकान नंबर-8 की स्वामी आवेदक सुशीला पति गोपाल जोशी की ओर से पैरवी• एडवोकेट शेख ईस कुरैशी, दिनेश तलबाड़िया एवं डॉ.ईश्वर बोराना ने न्यायाधीश मनदीप कौर सेहमी के समक्ष विभिन्न बिन्दुओं पर तर्क प्रस्तुत किए थे। एडवोकेट के तर्कों के आधार पर न्यायाधीश सेहमी ने आवेदक का स्थापित आधिपत्य होना पाया और स्टे जारी किया।

बता दें कि इंदौर के 56 दुकान की तर्ज पर लोकेंद्र भवन के सामने फूड जोन बनाने की तैयारी कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर नगर निगम ने शुरू की थी।

फूड जोन के लिए डीपीआर बनाने का काम भी लगभग तैयार हो चुका है। लोकेंद्र भवन के सामने सब्जी विक्रेताओं के लिए बनाए गए ओटले तोड़ने के बाद निगम ने सितंबर-2021 में स्टेडियम मार्केट की कुल 64 दुकानों के संचालकों को भी नोटिस जारी कर दुकान खाली करने के लिए अल्टीमेटम दिया था।

इसके बाद अर्से से दुकान लेकर आजीविका संचालित करने वालो के सामने रोजी-रोटी का सकंट उपज गया था और वह न्याय की आस में न्यायालय की शरण में जाने को मजबूर हुए थे। प्रसारण

प्रसारण 14/3/22

सौंदर्यीकरण

# पितल-तांबे की सामग्री से बना है गुलाब चक्कर

## सौंदर्यीकरण के दौरान रंगों में दबी पितल और तांबे की नक्काशी उभरकर आई सामने

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. शहर के पुराने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित गुलाब चक्कर के सौंदर्यीकरण का कार्य इन दिनों जोर शोर से चल रहा है। गुलाब चक्कर के स्वरूप को निखारने के दौरान उसके भीतर से कई बेशकीमती चीजे भी नजर आने लगी है जो कि आज से पहले शायद ही किसी ने देखी होगी।

हालही में यहां पर चल रहे कार्य के दौरान पुराने रंग को घिसाई कर हटाए जाने के दौरान अब इसमें पितल और ताबे की धातु से की गई नक्काशी उभर कर सामने आने लगी है, जो पहले शायद ही किसी ने देखी होगी। अब उक्त नक्काशी की घिसाई कर उसे फिर से चमकाने का प्रयास किया जा रहा है जिससे कि वह अपने वास्तविक रूप में नजर आ सके।



पत्रिका

पत्रिका 14/3/22

## 16 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम | अमानक पॉलीथिन का उपयोग करने और गंदगी फैलाने वाले 16 व्यक्तियों पर रविवार को स्वच्छता अमले ने जुर्माना लगाया। इसमें बांबेवाला मटका कुल्फी पर 300 रुपए, बुरहानी बेग सेंटर पर 250 रुपए, शिवशक्ति कैफे पर 200 रुपए, ललित चौधरी चाट हाउस, सुमित चाट सेंटर, अरविंद, श्रीराम टी स्टॉल, सद्दाम, बाबा चाट सेंटर, महाकाल सोड़ा शिकंजी, मुकेश मालवीय, संजू, अमित, संतोष व मीनाक्षी बस ड्राइवर पर 100 रुपए का स्पॉट फाइन लगाया गया। स्पॉट फाइन की कार्रवाई कुलदीप भट्ट, विजय मेहना, मनीश झांझोट, अंकित पुरोहित, राजकुमार भाटी ने की।

दे. भास्कर 14/3/22

## सफाई मित्र महेश-पंचम निलंबित

रतलाम ● वार्ड क्रमांक-8 के सफाई मित्र महेश-पंचम द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने व कर्तव्य स्थल पर मदिरापान कर आने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया।

स्वदेश 14/3/22

## 1412 मवेशियों को गौशालाओं में भेजा

रतलाम ● नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है जिसके तहत 1412 मवेशियों को पकड़कर जिले की गौशालाओं में भेजा गया।

# कर्मचारियों की मनमानी जारी, एक ही दिन में 66 पर कार्रवाई

## 28 तक कभी भी सर्वेक्षण करने आ सकती है टीम

भास्कर संवाददाता | रतलाम

स्वच्छ सर्वेक्षण का सर्वे करने टीम कभी भी आ सकती है। इसे लेकर नगर निगम के अफसर जहां अलर्ट मोड पर हैं, वहीं कर्मचारियों की मनमानी अभी भी जारी है। लगातार कार्रवाई के बावजूद उनकी कार्यशैली में कोई बदलाव नहीं आया है। ऐसे ही 66 कर्मचारियों पर काम में लापरवाही बरतने पर आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कार्रवाई की। यह पहला अवसर है जब एक साथ इतने सारे कर्मचारियों पर एक ही दिन में कार्रवाई हुई है। आयुक्त के अनुसार, शहर को सफाई के मामले में टॉप शहरों में स्थान दिलाना है। इसके लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत है। कर्मचारियों को समझाइश दी जा रही है। बावजूद इसके नहीं मानने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई कर रहे हैं।

## रविवार को किस-किस पर गिरी गाज

- **वेतन काटा-** लापरवाही करने पर कचरा कलेक्शन वाहन के ड्राइवर निकेश डागर, रूपेश चावरे, जितेंद्र तोमर का सात दिन का, जबकि विनोद नाना लाल पर एक दिन का वेतन काटने की कार्रवाई हुई है। स्वच्छ सर्वेक्षण के दौरान दैनिक वेतन भोगी लिपिक धर्मेंद्र मोहनलाल 12 और 13 मार्च को बिना सूचना के ड्यूटी से गैरहाजिर रहे। उनका दो दिन का वेतन काटने के आदेश हुए हैं।
- **लापरवाही-** प्रत्येक वार्ड में पांच-पांच ट्रिप लगाने के आदेश के बावजूद कचरा कलेक्शन के वाहन चालक मनमाने तरीके से गाड़ियां चलाते हुए कम ट्रिप लगा रहे हैं। इसकी जानकारी मिलने के बाद रविवार को आयुक्त सोमनाथ झारिया ने 22 ड्राइवर और 26 हेल्परों पर कार्रवाई की। इसमें सभी का आधे दिन का वेतन काटने के साथ बर्खास्त करने का नोटिस दिया गया है।
- **निलंबित-** एक सप्ताह पहले संत कंवरराम कम्युनिटी हॉल में पदस्थ किए जाने के बावजूद ड्यूटी पर नहीं जाने वाले राजस्व विभाग के भृत्य ठंकार मोहन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उनके नहीं जाने से हॉल की जालियां चोरी हो गईं। खिड़कियों के कांच फोड़ दिए। इससे एक लाख की आर्थिक क्षति हुई है।
- **कार्रवाई-** बिना सूचना ड्यूटी पर नहीं आने वाले 17 कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने की कार्रवाई की। पर्यवेक्षकों की चेकिंग में सुबह की शिफ्ट में 6 और दोपहर की शिफ्ट में 11 कर्मचारी गैरहाजिर मिले।
- **धरपकड़-** रविवार को स्वास्थ्य अमले ने किरण टॉकीज, बाजना बस स्टैंड, शांति नगर व पोलोग्राउंड से चार मवेशियों को पकड़कर गौशाला भेजा। इस साल अब तक 1414 आवारा मवेशियों को पकड़ा जा चुका है। अब इनके मालिकों पर 500 रुपए अर्थदंड भी किया जाएगा। भास्कर

दै. भास्कर 14/3/22

## 4 वाहन चालक व 1 लिपिक का वेतन काटा

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार कचरा संग्रहण वाहन के चालक निकेश डागर, रूपेश चावरे द्वारा बिना सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने व वार्ड क्रमांक 3 के कचरा संग्रहण वाहन चालक जितेन्द्र तोमर द्वारा लगातार कार्य में बरती जा रही लापरवाही के कारण 7 दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया इसके अलावा वाहन चालक विनोद-नानालाल द्वारा बिना सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने पर 1 दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

स्वच्छ सर्वेक्षण के कार्य के दौरान भी दैनिक वेतन भोगी लिपिक धर्मेन्द्र-मोहनलाल द्वारा 12 एवं 13 जनवरी को बिना सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने पर 2 दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया। प्रसारण

प्रसारण 14/3/22

## पांच कर्मियों का वेतन काटा

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार कचरा संग्रहण वाहन के चालक निकेश डागर, रूपेश चावरे द्वारा बिना सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने व वार्ड क्रमांक-तीन के कचरा संग्रहण वाहन चालक जितेंद्र तोमर द्वारा लगातार कार्य में बरती जा रही लापरवाही के कारण सात दिन का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। इसके अलावा वाहन चालक विनोद-नानालाल द्वारा बिना सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने पर एक दिन का वेतन काटा गया। स्वच्छता सर्वेक्षण के कार्य के दौरान भी दैनिक वेतन भोगी लिपिक धर्मेंद्र-मोहनलाल द्वारा 12 व 13 जनवरी को बिना सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने पर दो दिन का वेतन काटा गया।

नई दुनिया 14/3/22

## 14 सफाईमित्रों का 1 दिवस का वेतन काटा गया

रतलाम ● वार्डों में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवक्षकों द्वारा वार्डों में प्रातः 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया जिसके तहत प्रातः 12 व दोपहर की शिफ्ट में 2 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक व आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। ऐसे सफाई मित्र जो कि प्रातः की शिफ्ट में उपस्थित रहते हैं व दोपहर की शिफ्ट में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर संबंधित का पूरे दिवस का वेतन काटा जाएगा। स्वदेश

स्वदेश 14/3/22

## खूले में यूरिन करने पर थाने में बैठाया, अन्य कारणों से 9 पर जुर्माना

स्वदेश

रतलाम ● ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर व सामान से अतिक्रमण करते है, अमानक पॉलिथीन का उपयोग एवं विक्रय करते हैं, खुले में यूरिन करते हैं उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाइन की कार्रवाई की जा रही है जिसके तहत 9 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया । त्रिपोलिया गेट के पास खुले में यूरिन करने पर एक व्यक्ति को थाने में बैठाया।

# बकायादारों ने संपत्तिकर व जलकर की बकाया राशि जमा कराकर अधिभार राशि में छूट का लाभ लिया

## लोक अदालत में संपत्तिकर 64 लाख व जलकर 26 लाख जमा हुए



रतलाम(आरएनएन)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राज्य शासन के निर्देषानुसार संपत्तिकर व जलकर के बकायादारों को अधिभार (सरचार्ज) में छूट देने हेतु एक दिवसीय नेशनल लोक अदालत में नागरिकों ने संपत्तिकर एवं जलकर की बकाया राशि जमा कराकर दी जा रही अधिभार (सरचार्ज) राशि में छूट का लाभ लिया। आज नेषनल लोक अदालत के तहत जिला न्यायालय व फायर ब्रिगेड भवन नगर निगम कार्यालय में बकायादारों ने 435 प्रकरणों के तहत संपत्तिकर के 64 लाख 9 हजार 7 सौ 64 रूपए तथा 406 प्रकरणों के तहत जलप्रदाय के 26 लाख 78 हजार 3 सौ 90 रूपये कुल राशि 90 लाख 88 हजार 1 सौ 54 रूपए जमा कराकर अधिभार (सरचार्ज) की राशि में छूट का लाभ लिया। २१५

**निगम को 90.88 लाख की राशि बकाया के रूप में प्राप्त हुई**

राजएक्सप्रेस 14/3/22

# पानी की चिंता नहीं... धोलावड़ डैम का जलस्तर 387.10 मीटर

यह 5 साल में सबसे ज्यादा, मार्च की शुरुआत में रहता है इतना पानी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

गर्मी के मौसम के साथ ही एक बड़ी चिंता भी शुरू हो जाती है... पानी की। लेकिन, जलप्रदाय के मामले में एक राहतभरी खबर है। इस साल धोलावड़ डैम का जलस्तर 387.10 मीटर पर बना हुआ है। मार्च महीने के मध्य में ऐसा जलस्तर अच्छा है, क्योंकि ऐसा मार्च की शुरुआत में रहता है। इधर, डैम में अभी पिछले 5 साल में सबसे ज्यादा पानी भी है।

धोलावड़ डैम का अच्छा जलस्तर इस बात का भी संकेत है कि गर्मी में पानी की परेशानी नहीं होगी। फरवरी महीने की शुरुआत में डैम में 389.80 मीटर पानी था, जोकि सिर्फ 2.7 मीटर ही कम हुआ है। अभी जलस्तर 387.10 मीटर पर बना हुआ है। जबकि, पिछले साल मार्च महीने के मध्य तक जलस्तर 386.80 पर आ गया था। इस बार जैसा जलस्तर पिछले साल 3 मार्च को था। इससे पहले 2017 में 13 मार्च को डैम का जलस्तर 387.40 मीटर रहा था।

## बड़ी राहत: देर तक चले मानसून और अच्छी ठंड का असर... गर्मी में शहरवासियों को नहीं भोगना पड़ेगा जलसंकट



धोलावड़ डैम में अभी पर्याप्त पानी है। छुट्टी के दिन पिकनिक मनाने भी लोग पहुंच रहे हैं।

### चिंता थी क्योंकि 11 साल में सबसे कम था जलस्तर

धोलावड़ डैम का जलस्तर इस साल मानसून के पहले 11 साल में सबसे कम स्तर तक आ गया था। जोकि, चिंता का कारण था। 6 जुलाई को जलस्तर 383.85 मीटर रहा था। यह जलस्तर चौंकाने वाला इसलिए भी था क्योंकि इसी वक्त जलस्तर 385 या 390 के पार हो जाता है। 2020 की बात करें तो मई के महीने में इतना जलस्तर रहा था। कम जलस्तर का कारण शहरी क्षेत्र में देरी से बारिश होना था।

भास्कर

**धोलावड़ डैम का जलस्तर**

| | |
|---|---|
| 13 मार्च 2022 | 387.10 |
| 13 मार्च 2021 | 386.80 |
| 13 मार्च 2019 | 385.80 |
| 13 मार्च 2018 | 386.40 |
| 13 मार्च 2017 | 387.40 |

### इस बार सामान्य से 13 प्रतिशत ज्यादा बारिश

- मानसून की विदाई 10 अक्टूबर को हो गई थी। इस साल सामान्य से 13% ज्यादा बारिश हुई थी।
- इस दौरान कुल 41.47 इंच बारिश हो गई थी। इधर, धोलावड़ डैम का जलस्तर 395 मीटर पर आ गया था।
- इसके बाद 4 महीने में 7.9 मीटर पानी कम हो गया है।
- इधर, पिछली गर्मी में 1 जून तक डैम का जलस्तर 384.50 मीटर रहा था। यानी, अप्रैल, मई महीने में 2.3 मीटर पानी कम हुआ था।
- इस साल ठंड भी ज्यादा रही है, वहीं, मानसून अच्छा था। बीच-बीच में भी बारिश के दौर रहे, ऐसे में डैम का जलस्तर अच्छा बना हुआ है।

दे.भास्कर 14/3/22

# रहवासी क्षेत्र संजय नगर में अवैध तरीके से चलाए जा रहे हैं मोटर गैरेज, रहवासी परेशान

# ज्ञापन देकर की हटाने की मांग

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

रोडवेज बसस्टैण्ड से सटे रहवासी क्षेत्र संजय नगर कालोनी के रहवासी कॉलोनी में अवैध रुप से चलाए जा रहे गैरिजों से परेशान है। उनकी शिकायत है कि इन गैरिजों पर असामाजिक तत्वों का आना-जाना लगा रहता है और इस वजह से क्षेत्र की महिलाएं घरों से नहीं निकल पाती।



क्षेत्रवासियों ने ज्ञापन देकर कॉलोनी में संचालित किए जा रहे अवैध मोटर गैरिजों को तत्काल हटाने की मांग की है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि यदि गैरिज ना हटाए गए तो मजबूरन कॉलोनीवासियों को अपने मकान बेचकर कहीं अन्य सुरक्षित स्थान पर जाना पड़ेगा।

हिन्दू जागरण मंच के प्रान्त महामंत्री नेपालसिंह रविवार को रतलाम के प्रवास पर आए थे। वे संजय कॉलोनी में भी पंहुचे। उनके आगमन पर संजय कॉलोनी के रहवासियों ने उन्हें भी इस समस्या के सम्बन्ध में एक ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में बताया गया है कि कॉलोनी के रहवासी क्षेत्र में ट्रैक्टर और अन्य भारी वाहनों के गैरिज चलाए जा रहे हैं। इन गैरिजों पर असामाजिक तत्वों का भी आवागमन होता रहता है। कॉलोनी की महिलाएं और युवतियां जब इन इलाकों से गुजरती हैं, तो यह असामाजिक तत्व उन पर भद्दी टिप्पणियां करते है। इतना ही नहीं हिन्दू धर्म के प्रति भी अपमानजनक टिप्पणियां की जाती है। इन असामाजिक तत्वों के कारण कॉलोनी के रहवासी भयग्रस्त हो रहे है। यदि इन्हें यहां से नहीं हटाया गया तो कॉलोनी के रहवासियों को अपने मकान औने पौने-दामों पर बेच कर यहां से अन्यत्र जाने के लिए विवश होना पड़ेगा। इस सम्बन्ध में कॉलोनी वासी पूर्व में कलेक्टर और निगमायुक्त को भी ज्ञापन दे चुके है, लेकिन उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। हिन्दू जागरण मंच के प्रांत महामंत्री नेपाल सिंह ने रहवासियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्या का समाधान करवाया जाएगा। इस अवसर पर जावरा जिला अध्यक्ष बलवंत सिंह, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के जिलाध्यक्ष प्रवासी समुदाय के प्रांत संयोजक शेरसिंह के अलावा कॉलोनी से मांगीलाल, अशोक, तेज प्रतापसिंह, प्रेमलता बाई, संगीता जी, रामकन्या बाई, रेखा बाई, मांगी बाई, दुर्गा देवी, विनय, युवराज आदि कॉलोनी वासी उपस्थित थे।

प्रसारण 14/3/22

बकाया राशि और ब्याज पर दी 1.71 करोड़ की छूट

# लोक अदालत में जिले में 23 लाख के 168 प्रकरणों का निराकरण

**रतलाम।** नेशनल लोक अदालत में बिजली कंपनी ने प्रबंध निदेशक अमित तोमर के निर्देश पर अधिकाधिक प्रकरणों का समझौते के माध्यम से निराकरण करने के लिए प्रयास किया। बिजली कंपनी के कार्य क्षेत्र में 4752 प्रकरणों का निराकरण हुआ। बिजली कंपनी को लोक अदालत के दौरान 3.78 करोड़ रुपये नकद प्राप्त हुए। रतलाम जिले में 23 लाख के 168 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के इंदौर-उज्जैन क्षेत्र के सभी 15 सर्कलों में कुल 44 स्थानों पर लोक अदालत लगी। इसमें 6.73 करोड़ की राशि के बकाया होने पर 4752 उपभोक्ताओं/उपयोगकर्ताओं के प्रकरणों का निराकरण हुआ।



लोक अदालत में बिजली कंपनी ने उपभोक्ताओं व उपयोगकर्ताओं को एक करोड़ 71 लाख रुपये की नियमानुसार छूट दी। विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 126 तथा धारा 135 के तहत बिजली चोरी, अनियमितताओं के प्रकरणों में लोक अदालत में समझौता हुआ। इंदौर क्षेत्र के साथ ही उज्जैन क्षेत्र में हजारों मामलों को न्यायालयों में समझौते से निराकृत किया गया। प्री-लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों में निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, पांच किलोवाट तक के गैर घरेलू व 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट दी गई। प्री-लिटिगेशन स्तर पर सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत, ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी गई। लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों में सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत व ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट प्रदान की गई। समझौते वाले आवेदक को निर्धारित छूट के उपरांत शेष बिल आंकलित सिविल दायित्व आदि का एकमुश्त भुगतान करना था। लोक अदालत की सफलता के लिए मुख्य सतर्कता अधिकारी कैलाश शिवा ने सभी जिलों में प्रभावी तैयारी कराई थी।

नईदुनिया 14/3/22

# राष्ट्रीय लोक अदालत में अनेक प्रकरणों का हुआ निराकरण

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

नेशनल लोक अदालत के तहत जिले के न्यायालयों में राजीनामा योग्य कुल लंबित 5 हजार 183 प्रकरणों में से 442 प्रकरणों का निराकरण कर 82481834 रुपए का अवार्ड पारित किया गया, जिसमें 934 व्यक्ति लाभांवित हुए।

नेशनल लोक अदालत का आयोजन शनिवार को जिला न्यायालय रतलाम के एडीआर भवन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार गुप्ता द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर न्यायाधीश गण, जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष सहित अनेक लोग उपस्थित थे। इसके साथ ही गठित खंडपीठों में भी कार्य प्रारंभ हुआ।



दीप प्रज्वलन करते हुए न्यायाधीश एवं चेक दिखाते हुए न्यायाधीश।

इसी तारतम्य में प्रीलिटिगेशन (मुकदमा पूर्व ) प्रकरणों में रतलाम में भारत संचार नि.लि.के 579/- प्रकरणों में से 25 प्रकरणों का निराकरण किया गया तथा 109719/- का रुपए की राशि जमा हुई। समस्त बैंकों एवं फायनेंस कं. के 12480 में से 116 प्रकरणों में 6560173/-रुपए की राशि जमा हुई तथा 147 व्यक्ति लाभान्वित हुए। विद्युत विभाग (एमपीईबी) द्वारा1780 प्रकरणों में से 195 का निराकरण कर समझौता राशि 2621821 /- रुपए की राशि जमा करवाई गई। तथा 204 व्यक्ति लाभान्वित हुए।

नगर पालिक परिषद रतलाम के कार्यालय स्थित कांउटर पर जलकर के 173 प्रकरणों का निराकरण हुआ 12,50,000/- राशि जमा हुई तथा 173 व्यक्ति लाभान्वित हुए।

संपत्ति कर के 360 प्रकरणों का निराकरण हुआ 3604672/- राशि जमा हुई तथा 360 व्यक्ति लाभान्वित हुए। नेशनल लोक अदालत में थानों में लंबित मोटर व्हीकल के प्रकरणों में 25 प्रकरणों का निराकरण कर 25500/- की शमन शुल्क जमा किया गया। इस प्रकार संपूर्ण जिले में प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के 16746 मामले रखे गए थे जिनमें से 1428 मामलों का निराकरण किया गया।

इसके साथ ही तहसील न्यायालय जावरा में रूपेश शर्मा, अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति तहसील न्यायालय जावरा एवं तहसील न्यायालय आलोट में वंदन मेहता प्रथम जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति तहसील न्यायालय आलोट, तहसील न्यायालय सैलाना में श्रीमती सपना भारती कतरोलिया व्यवहार न्यायाधीश/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति, सैलाना में नेशनल लोक अदालत का सफलतम आयोजन किया गया। स्वदेश

स्वदेश 14/3/22

# पेयजल आपूर्ति में निजी टैंकर नहीं लगेंगे

## धोलावड़ में भरपूर पानी ● जरूरत पड़ी तो नगर निगम के टैंकरों से ही होगी सप्लाई

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** मार्च माह में तापमान तेजी से बढ़ने लगा है। चार दिन में अधिकतम तापमान में चार डिग्री की वृद्धि हो गई है। मार्च अंत में तापमान 40 डिग्री पार हो सकता है। अप्रैल में भी तेज गर्मी पड़ने के आसार हैं। बढ़ती गर्मी के कारण धोलावड़ जलाशय में भी पानी तेजी से घट रहा है। हालांकि इस बार डैम में पानी पर्याप्त है।

अच्छी बारिश के बाद शहर की जलआपूर्ति का एकमात्र स्रोत धोलावड़ जलाशय पूरी क्षमता (395) मीटर तक भरा था। सिंचाई के लिए पानी देने व गर्मी के कारण पानी कम होने से जलस्तर वर्तमान में करीब 389 मीटर पर आ चुका है। पूर्ण क्षमता से लबालब हुआ जलाशय अभी छह मीटर खाली हो चुका है।

मालूम हो कि जलाशय पर बने इंटकवेल से पानी लेने के लिए दो पंप लगे हुए हैं। जलस्तर 388 मीटर से कम होने के बाद पानी जेकवेल से आने लगता है। जेकवेल व इंटकवेल के बीच की दूरी करीब 500 मीटर है। यहां भी पानी कम होने पर फ्लोटिंग प्लेटफार्म पर मडपंप लगाकर पानी जेकवेल में लाकर वहां से इंटकवेल तक पहुंचाया जाता है। 384 मीटर के जलस्तर पर यह व्यवस्था करना पड़ सकती है। शहर में अभी 30 से 32 एमएलडी पानी प्रतिदिन जलाशय ले लिया जा रहा है। एक दिन में 35 एमएलडी पानी की आवश्यकता होती है। शेष आपूर्ति नलकूपों से सीधे बूस्टिंग के जरिये की जाती है। अप्रैल व मई में पानी की मांग बढ़कर 40 एमएलडी तक पहुंच जाएगी। इसमें मेडिकल कालेज व रेलवे को भी आपूर्ति देना होती है। ऐसे में जलाशय से पानी ज्यादा लेने पर जलस्तर भी तेजी से कम होगा।




प्रतिदिन रतलामवासियों के कंठ तर करने वाला धोलावड़ डैम। ● फाइल फोटो

### निगम बचाएगा 40 से 45 लाख रुपये

गत वर्ष की तरह इस बार भी परिवहन से जल आपूर्ति में नगर निगम अपने साधनों का ही उपयोग करेगा। निजी टैंकरों से जलआपूर्ति नहीं की जाएगी। निगम के चार व दो हजार लीटर वाले छोटे टैंकरों व फायर फाइटरों के जरिये आपूर्ति की जाएगी। पूर्व में गर्मी में परिवहन से जल आपूर्ति पर ही 40 से 45 लाख रुपये प्रतिवर्ष तक खर्च किए जाते थे। नगर निगम द्वारा पाइपलाइन व वाल्व लीकेज सुधारने के लिए भी अभियान चलाकर काम किया जा रहा है।

> धोलावड़ में जलस्तर पर्याप्त है। आपूर्ति पर कोई असर नहीं आएगा। जरूरत पड़ी तो निगम के टैंकरों से ही आपूर्ति कराएंगे।
>
> **-हनीफ शेख**, नगर निगम जलप्रदाय विभाग प्रभारी

### रात का तापमान स्थिर, दिन में वृद्धि



**एक नजर तापमान की चाल पर**

| तारीख | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 13 मार्च | 36.0 | 16.0 |
| 12 मार्च | 35.0 | 16.0 |
| 11 मार्च | 35.6 | 16.6 |
| 10 मार्च | 32.2 | 15.5 |
| 09 मार्च | 35.2 | 15.6 |
| 08 मार्च | 34.2 | 15.2 |
| 07 मार्च | 35.0 | 15.0 |
| 06 मार्च | 34.2 | 13.0 |

**रतलाम।** जिले में मौसम का मिजाज फिर बदल गया है। दो दिन से रात का तापमान स्थिर है, वहीं दिन के तापमान में वृद्धि हुई है। रविवार को दिनभर मौसम सामान्य रहा। सूरज की तेजी ने सभी को बेचैन किया। तापमान में बढ़ोतरी के बाद घर, दुकान, दफ्तर और प्रतिष्ठानों में पंखे-कूलर का उपयोग शुरू हो गया है, वहीं बाजार में जगह-जगह शीतलपेय की दुकानें भी सज गई हैं।

तीन दिन पहले बुधवार को शहर सहित अंचल में कई स्थानों पर तूफानी बारिश और ओलावृष्टि हुई थी। इसके बाद से मौसम सामान्य है। अब दिन में तेज गर्मी से लोगों के पसीने छूटना शुरू हो गए हैं। शनिवार के मुकाबले रविवार को अधिकतम तापमान में 1.0 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई, वहीं न्यूनतम तापमान स्थिर रहा। सुबह की आर्द्रता 65 प्रतिशत व शाम की 54 प्रतिशत रही, जो शनिवार को क्रमशः 64 व 50 प्रतिशत थी।

नईदुनिया 14/3/22

## कलेक्टर एवं निगम प्रशासक पुरुषोत्तम ने बैठक में दिए निर्देश

# स्वच्छ सर्वेक्षण : सिंगल यूज प्लास्टिक और डिस्पोजल रहेंगे प्रतिबंधित

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में रतलाम नगर को स्वच्छता में नम्बर - 1 बनाये जाने में व्यापारियों की सहभागिता हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के साथ व्यापारी एसोशिएशन के पदाधिकारियों की बैठक लेकर स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 को दृष्टिगत रखते हुए पॉलीथीन व डिस्पोजल विक्रेताओं को अपनी दुकानें बंद रखने के निर्देश दिये।

आयोजित बैठक में कलेक्टर एवं निगम प्रशासक पुरुषोत्तम ने मर्चेन्ट एसोशिएशन के पदाधिकारियों से कहा कि 100 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन, सिंगल यूज प्लास्टिक व डिस्पोजल से सबसे अधिक कचरा व गंदगी होती है जिससे शहर गन्दा दिखाई देता है।

इन्होंने कहा कि आप सभी की सहभागिता से ही स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में रतलाम नगर को स्वच्छता में नम्बर-1 बनाया जा सकता है इस हेतु वे 100 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन, सिंगल यूज प्लास्टिक व डिस्पोजल निर्माण, उपयोग व विक्रय ना करें।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने कहा कि नागरिकों की पॉलीथीन, सिंगल यूज प्लास्टिक व डिस्पोजल उपयोग की आदत को बदलना होगी जब आप इसका निर्माण व विक्रय ही नहीं करेंगे तो वे इनका उपयोग करना बंद कर देंगे।

आयोजित बैठक में कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान, विनय चौहान, धर्मेन्द्र दोगाया, व्यापारी एसोशिएशन पदाधिकारी, पॉलीथीन व डिस्पोजल विक्रेता संजय पारख, राहूल पोखरना, यशवंतसिंह राठौर, ताराचन्द प्रीतवानी, अर्पित अग्रवाल, तरूण मूणत, शेखर जैन, अंकुश गोधा, संदीप उपाध्याय, राकेश गांधी, महेन्द्र पडियार, यश जैन, विजयकुमार अग्रवाल, ललीत जैन, कमलेश माहेश्वरी, संजय माहेश्वरी, मनोज जैन, प्रमोद जैन आदि उपस्थित थे। दबंग



### 100 मॉइक्रॉन से कम मोटाई की पॉलिथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित

**रतलाम।** नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाये जाने हेतु नगरीय क्षेत्र रतलाम में 100 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक (प्लास्टिक स्टीक सहित ईयर बर्ड, बैलून में उपयोग होने वाले प्लास्टिक स्टिक, प्लास्टिक झण्डे, कैंडी स्टिक, आईस्क्रीम स्टीक, सजावट में उपयोग होने वाले थर्मोकोल, प्लास्टिक प्लेट्स, कप, ग्लास, फोर्क, चम्मच, चाकू, स्ट्रा, ट्रे, स्वीट बॉक्स, निमंत्रण पत्र, सिगरेट पैकेट को कव्हर करने वाली पैकिंग फिल्म, प्लास्टिक स्टिर्रस व 100 माईक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक व पीवीसी के बैनर) के उपयोग को मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निदेर्शानुसार पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। नगर के समस्त प्लास्टीक (पॉलीथीन) निर्माता, भण्डारकर्ता, विक्रेता, दुकानदार एवं उपयोगकर्ता 100 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक का ना तो उत्पादन करें एवं ना ही भण्डारण, विक्रय तथा उपयोग करें। उपरोक्त का उल्लघंन किये जाने पर संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जावेगी। नगर के नागरिकों से अनुरोध है कि प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग ना करें एवं इनके स्थान पर कपड़े एवं कागज से निर्मित थैलियों का उपयोग कर नगर को स्वच्छ, सुन्दर बनाने तथा पर्यावरण को सुरक्षित रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।

दबंग दुनीया 14/3/22

निगम ने बनाई बाउंड्रीवॉल, कुछ गुमटियों को हटाया

# गोल्ड पार्क की राह बनाने गुमटियां हटाईं

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. शहर में नगर निगम के सामने बनने वाले गोल्ड पार्क की दिशा में सकारात्मक कदम उठना शुरू हो गए हैं। हाल ही में राज्य के बजट में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने शहर में औद्योगिक पार्क बनाने की बात कही है। इसके बाद गोल्ड पार्क निर्माण के लिए चयनित भूमि पर कायम अतिक्रमण को हटाने की शुरुआत हो गई है। इसी के अंतर्गत निगम ने बाउंड्रीवाल बना दी है व कुछ गुमटियों को हटाया है। जो शेष गुमटियां है, उनको भी हटाने की तैयारियां शुरू हो गई है।

कोरोना काल से उबरने के बाद शहर को नई पहचान दिलाने वाली विकास योजनाओं के कामों में तेजी आ गई है। करीब एक पखवाड़े पूर्व रिडेंसीफिकेशन योजना में प्रस्तावित गोल्ड पार्क (जैम्स व ज्वैलरी) को बनाए जाने के लिए नोडल एजेंसी मप्र हाउसिंग बोर्ड ने टेंडर जारी कर दिए है। अप्रैल माह में की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। करीब 96 करोड़ रुपये वाली इस योजना में प्रस्तावित कामों पर हाउसिंग बोर्ड को दी जाने वाली सुपरविजन की राशि व विकास कार्यों की लागत मिलाकर करीब 76 करोड़ रुपये का खर्च होगा। भूमि से 96 करोड़ रुपये मिलना प्रस्तावित है। इसमे 20 करोड़ रुपये की राशि बचेगी। इससे स्टेशन रोड थाने के पास स्थित पुलिस कालोनी के आवास बनाए जाएंगे।

## लंबा समय लगा धरातल पर आने में

शहर में वर्ष 2015 से रिडेंसीफिकेशन योजना पर काम चल रहा है। 22 अप्रैल 2017 को तत्कालीन साधिकार समिति ने आडिटोरियम व शासकीय आवास की स्वीकृति दी थी, लेकिन 2018 में सुबे में सरकार बदलने के बाद काम ठहर गया। शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने इस मामले में लगातार मानीटरिंग की। दो फरवरी को भोपाल में प्रदेश के मुख्य सचिव इकबालसिंह बेस की अध्यक्षता में आयोजित राज्य साधिकार समिति की बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा आनलाइन प्रजेंटेशन दिया था। इसके बाद समिति ने योजना स्वीकृत कर दी थी।

## सभी अतिक्रमण हटेंगे

शहर में गोल्ड पार्क के स्थान सहित जहां भी अवैध रुप से गुमटियां है या विकास में वे बाधक है, उनको हटाया जाएगा।

**- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका 14/3/22

# संजय नगर में अवैध तरीके से चलाए जा रहे मोटर गैरेज से रहवासी परेशान, ज्ञापन देकर की हटाने की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



रोडवेज बसस्टैण्ड से सटे रहवासी क्षेत्र संजय नगर कालोनी के रहवासीए कालोनी में अवैध रुप से चलाए जा रहे गैरेजों से परेशान है। उनकी शिकायत है कि इन गैरेजों पर असामाजिक तत्वों का आना जाना लगा रहता है और इस वजह से क्षेत्र की महिलाएं घरों से नहीं निकल पाती। क्षेत्रवासियों ने ज्ञापन देकर कालोनी में संचालित किए जा रहे अवैध मोटर गैरेजों को तत्काल हटाने की मांग की है। कालोनीवासियों का कहना है कि यदि गैरेज ना हटाए गए तो मजबूरन कालोनी वासियों को अपने मकान बेचकर कहीं अन्य सुरक्षित स्थान पर जाना पड़ेगा।

हिन्दू जागरण मंच के प्रान्त महामंत्री नेपालसिंह रविवार को रतलाम के प्रवास पर आए थे। वे संजय कालोनी में भी पंहुचे। उनके आगमन पर संजय कालोनी के रहवासियों ने उन्हे भी इस समस्या के सम्बन्ध में एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया गया है कि कालोनी के रहवासी क्षेत्र में ट्रैक्टर और अन्य भारी वाहनों के गैरेज चलाए जा रहे हैं। इन गैरेजों पर असामाजिक तत्वों का भी आवागमन होता रहता है। कालोनी की महिलाएं और युवतियां जब इन इलाकों से गुजरती है तो ये असामाजिक तत्व उन पर भद्दी टिप्पणियां करते है। इतना ही नहीं हिन्दू धर्म के प्रति भी अपमानजनक टिप्पणियां की जाती है। इन असामाजिक तत्वों के कारण कालोनी के रहवासी भयग्रस्त हो रहे है। यदि इन्हे यहां से नहीं हटाया गया तो कालोनी के रहवासियों को अपने मकान औने पौने दामों पर बेच कर यहां से अन्यत्र जाने के लिए विवश होना पडेगा। इस सम्बन्ध में कालोनी वासी पूर्व में कलेक्टर और निगमायुक्त को भी ज्ञापन दे चुके हैएलेकिन उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। हिन्दू जागरण मंच के प्रांत महामंत्री नेपाल सिंह ने रहवासियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्या का समाधान करवाया जाएगा।

इस अवसर पर जावरा जिला अध्यक्ष बलवंत सिंह बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के जिलाध्यक्ष प्रवासी समुदाय के प्रांत संयोजक शेर सिंह के अलवाल कॉलोनी से मांगीलाल, अशोक, तेज प्रताप सिंह, प्रेमलता बाईए संगीता जी, रामकन्या बाई, रेखा बाई, मांगी बाई, दुर्गा देवी, विनय, युवराज और बड़ी संख्या में कॉलोनी वासी उपस्थित थे।

अवन्तिका।

अवन्तिक 14/3/22